# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**बिहार लोक भवन, पटना–800022**

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–**160/2026***

## राज्यपाल ने स्व० देवशरण सिंह की जयंती पर उन्हें नमन किया

**पटना 17 अगस्त, 2026** :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति स्व० देवशरण सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में बिहार विधान मंडल के मुख्य द्वार संख्या–10 के उत्तर पार्क में अवस्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी व श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह व उपसभापति श्री रामबचन राय, बिहार विधानसभाध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार व उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्र नारायण यादव एवं विभिन्न मंत्रीगण तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भी स्व० देवशरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन किया गया तथा भजन एवं गीत प्रस्तुत किए गए।

.................................